>

Title: Regarding congestion at Mumbai Airport due to lack of space and infrastructure.

श्री संजय निरुपम (मुम्बई उत्तर): अध्यक्ष महोदया, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे शून्य प्रहर में मुम्बई के एक बहुत महत्वपूर्ण विषय को सदन में रखने की अनुमति दी। यह महत्वपूर्ण विषय मुम्बई में अंतर्राष्ट्रीय विमान तल बनाने के बारे में है। पिछले कई वर्षों से मुम्बई में ऐसी आवश्यकता महसूस की जा रही है कि जो वर्तमान एयरपोर्ट है, वह बहुत छोटा पड़ रहा है और बाकी उपलब्ध जमीन का बड़े पैमाने पर इनक्रोचमैंट हो गया है। इसलिए वहां एक और एयरपोर्ट बनाया जाना चाहिए। मुझे लगता है कि पिछले पन्द्रह वर्षों से राज्य सरकार अलग-अलग केन्द्र सरकारों को यह प्रस्ताव भेजती रही है, लेकिन केन्द्र सरकार की तरफ से कभी हां और कभी न होती रही है।

अध्यक्ष महोदया, मुझे अच्छी तरह याद है कि हमारे प्रधान मंत्री डा. मनमोहन सिंह जी ने पिछले साल अपनी तरफ से एक मंजूरी दी थी कि हां, नवी मुम्बई में जो प्रस्तावित एयरपोर्ट है, वह बनेगा और बनाया जाना चाहिए। लगभग दस हजार करोड़ रुपये का प्रस्तावित एयरपोर्ट पर्यावरण के कारण फिर से अलग-अलग अवरोधों के दौर से गुजर रहा है। ऐसे में, मैं सरकार से निवेदन करना चाहूंगा कि जितनी जल्दी हो, पर्यावरण के संतुलन को बनाते हुए, मेनटेन करते हुए इस एयरपोर्ट के लिए सरकार परमीशन दे। हमारे यहां जो वर्तमान एयरपोर्ट है, वहां लगभग 300 से 400 प्लेन डेली उतरते हैं। वहां इससे ज्यादा प्लेन उतरने की जगह नहीं है। अभी लगभग 500 प्लेन और उतारने का एक प्रस्ताव है, लेकिन वर्तमान व्यवस्था में सारे प्लेन बंद किए जा रहे हैं यानी उन्हें परमीशन ही नहीं मिल रही है। आज स्थिति यह है कि एक-एक प्लेन की लैंडिंग में लगभग आधे घंटे तक उन्हें ऊपर घूमना पड़ता है।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदया : अब आप कनक्लूड कीजिए।

â€¦(व्यवधान)

श्री संजय निरुपम : आधे घंटे तक घूमना मतलब लगभग एक से डेढ़ लाख रुपये प्रति प्लेन खर्च हो रहा है।...(व्यवधान) मैं एक मिनट में अपनी बात समाप्त कर रहा हूं।...(व्यवधान) लगभग हर प्लेन की वजह से डेली ऊपर जो होवरिंग चल रही है, उसकी वजह से हम एक साल में एक हजार करोड़ रुपये का फ्यूल बर्बाद कर रहे हैं और लगभग 3,900 किलोग्राम कार्बन डाई ऑक्साइड हम प्रतिदिन अपने वातावरण में जहर के तौर पर घोल रहे हैं। ऐसे में नवी मुम्बई हो या कल्याण हो, जहां कही भी करना हो, केन्द्र सरकार की तरफ से तत्काल निर्णय लेना चाहिए, क्योंकि मुम्बई पूरे देश का एक बहुत महत्वपूर्ण शहर है और फाइनैंशियल सिटी है।...(व्यवधान) ऐसे शहर में जितनी जल्दी हो, नए एयरपोर्ट बनाने के प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए सरकार निर्णय ले, ऐसा मैं निवेदन करता हूं।...(व्यवधान)